# जनता के हित को समर्पित है हितकारी सहकारी समिति : लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला

**कोटा,** (निसं)। श्री हितकारी विद्यालय सहकारी शिक्षा समिति लि., कोटा की वार्षिक अधिवेशन व सम्मान समारोह रविवार को झालावाड़ रोड़ स्थित माहेश्वरी भवन में दोपहर 2 बजे आयोजित किया गया। कार्यक्रम में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला मुख्य

■ **समिति वंचित बच्चों के अध्यापन में सहयोग करती है**

अतिथि रहे। अध्यक्षता ऊर्जा राज्य मंत्री हीरालाल नागर की। कोटा नागरिक सहकारी बैंक एवं रेडक्रॉस के स्टेट चेयरमैन राजेश कृष्ण व जिला सहकारी उपभोक्ता होलसेल भंडार के अध्यक्ष हरिकृष्ण बिरला का सानिध्य भी प्राप्त हुआ। विशिष्ट अतिथि के रूप में विधायक संदीप शर्मा व भाजपा जिला अध्यक्ष राकेश जैन, कोटा सेंट्रल कॉ-ऑपरेटिव बैंक के प्रबंध निदेशक बलविंदर सिंह गिल, उपभोक्ता भण्डार की महाप्रबंधक बीना बैरवा उपस्थित रही। हितकारी समिति की अध्यक्ष सूरज बिरला, सभा नंबर 108 की अध्यक्ष डॉ.मीनू बिरला सचिव विमल जैन नांता, कोटा महिला नागरिक सहकारी बैंक की अध्यक्ष मंजू बिरला मंचासीन रहीं। मंच संचालन मंत्री चंद्रमोहन शर्मा ने किया। अध्यक्ष सूरज बिरला ने वार्षिक प्रतिवेदन पढ़ा और सभा ने उसे करतल ध्वनि से पारित किया। अतिथियों ने सभा में 70 वर्ष से अधिक आयु के वयोवृद्ध 67 सदस्यों को माला, शॉल एवं प्रशस्ति पत्र भेंट कर सम्मानित किया। विभिन्न सहकारी समितियों के पदाधिकारियों को भी सभा में सम्मानित किया गया।

जनता के हित को समर्पित- सहकारिता के क्षेत्र में हितकारी विद्यालय शिक्षा सहकारी समिति के योगदान की चर्चा करते हुए स्पीकर बिरला ने इस संस्था के एक छोटे से पौधे से वट वृक्ष बनने तक की यात्रा का जिक्र किया। उन्होंने संस्थापक अध्यक्ष शंभू दयाल सक्सेना का स्मरण करते हुए कहा कि श्रमजीवी वर्ग को शिक्षा के प्रकाश से आलोकित करने के पुनीत उद्देश्य से बनाई गई इस समिति ने अनेक जिंदगियों को रोशन किया है। स्पीकर बिरला ने कहा समिति से अपेक्षा करते हुए वंचित व गरीब बच्चों के अध्यापन में सहयोग कर उनके जीवन में शिक्षा की नई रोशनी भरने की अपील की।

सदस्य हमारी पूंजी- राजेश कृष्ण बिरला ने बताया कि वर्ष 1991 में उन्होंने भी संस्था का कार्यभार संभाला था। मार्च 1991 से पूर्व प्रशासक काल था। इसके उपरांत संस्था में अध्यक्ष बनकर कार्य करने का अवसर मिला। 6 वर्ष के अध्यक्षीय कार्यकाल के उपरांत सूरज बिरला अध्यक्ष बनीं। 1991 में 2 हजार सदस्यों वाली संस्था आज 8160 सदस्यों की संस्था है। हिस्सा राशि जो मात्र 12.12 लाख थी वह मार्च 2024 तक 330.94 लाख रुपये पहुंच गई है। संस्था की अमानत 34.56 लाख रुपये से बढ़कर 11912.20 लाख रुपये हो चुकी है। संस्था के कोष 2.50 लाख से बढ़कर 829.99 लाख रुपये पहुंच गए हैं। उन्होंने कहा कि समिति उत्तरोत्तर प्रगति पर है और आज समिति का विकास मात्र सदस्यों के सहयोग से पूरा हो पाया है। सदस्य हमारी पूंजी हैं, इनके सहयोग से गत वर्ष में संस्था का मुनाफा 1 करोड़ रूपये से अधिक का दर्ज किया गया है। इन सदस्यों के सहयोग व विश्वास से समिति ने विकास की गाथा लिखी है।

25 प्रतिशत लाभांश देती है समिति-उपभोक्ता भंडार के अध्यक्ष हरिकृष्ण बिरला ने अपने उद्बोधन में कहा कि समिति 9 प्रतिशत लाभांश व 16 प्रतिशत प्रोत्साहन राशि के रूप में देती है। किसी अन्य समिति और बैंक में आपने नहीं देखा होगा इतना लाभांश वितरित किया जाता है। उर्जा मंत्री हीरालाल नागर कोटा नागरिक सहकारी बैंक एवं हितकारी समिति ऐसा करने वाली संस्था है और मुनाफे में अपना काम कर रही है, ऐसा होना अपने आप में काबिले तारीफ है। यह संस्था आजादी के पूर्व की संस्था है। संस्था बी.एड.कॉलेज का संचालन भी ठ ा ह र रही है।

प्रसन्नता के साथ ग्रहण किया सम्मान-विधायक संदीप शर्मा ने अपने उद्बोधन में कहा कि कमजोर वर्ग को संबल देने का कार्य श्री हितकारी विद्यालय सहकारी शिक्षा समिति लि. ने किया है। कम दर पर जरूरतमंदों को ऋण देकर जनता में समिति ने सम्मानजनक स्थान बनाया है। समिति के सदस्य भी संस्था के विश्वास पर कार्य करते हैं और आजादी से पूर्व संस्था में एनपीए नाम मात्र का भी नहीं है। सीसीबी के प्रबंध निदेशक गिल एवं भण्डार की एमडी बीना बैरवा ने कहा कि वयोवृद्ध सदस्यों को सम्मानित करना समिति के मानवीय पहलू को दर्शाता है। सदस्यों ने अपना सम्मान प्रसन्नता के साथ प्राप्त किया। शहर के विभिन्न कोने और रावतभाटा से भी सदस्य सम्मान प्राप्त करने पहुंचे हैं, उन्होंने कहा कि यह वयोवृद्ध सदस्यों का संस्था के प्रति स्नेह व कर्तव्यनिष्ठा का प्रतीक है। पूर्व अति.रजिस्ट्रार राम गोपाल शर्मा ने कहा कि सहकारी क्षेत्र में कार्यरत राजस्थान और उत्तर भारत की यह ऐसी संस्था है जो न्यूनतम दर पर गोल्ड लोन देती है, अन्य सहकारी संस्थाएं तो गोल्ड पर ऋण ही नहीं देती हैं।

वार्षिक प्रतिवेदन किया पारित- अध्यक्षीय उद्बोधन में सूरज बिरला ने वार्षिक प्रतिवेदन व आय-व्यय का ब्यौरा व अंकेक्षण रिपोर्ट पढ़ी। ध्वनि मत से सदन ने उस पर मोहर लगाई। उन्होंने उद्बोधन में कहा कि सहकारिता के क्षेत्र में महिला बी.एड. कॉलेज संचालित करने वाली राजस्थान की एकमात्र यह स्वायत्तशासी संस्था है जो गत 27 वर्षों की भांति इस वर्ष भी संस्था को 'अ' श्रेणी में वर्गीकृत किया गया है। संस्था अपने सदस्यों को सोने के जेवर, एन.एस.सी., किसान विकास पत्र, एल.आई.सी. पॉलिसी एवं मकान की जमानत पर एवं मकान निर्माण पर 9 प्रतिशत की दर से ऋण उपलब्ध कराती है। जमाओं पर 1 वर्ष एवं अधिक पर 7 प्रतिशत एवं वरिष्ठ नागरिकों को 0.50 प्रतिशत ब्याज अधिक प्रदान कर 7.50 प्रतिशत करती है। उन्होंने बताया कि संस्था की कार्यशील पूंजी 141 करोड़ है। वार्षिक टर्नओवर 680 करोड़, कुल ऋण 48.28 करोड़ एवं सदस्यों की अमानतें 119.12 करोड़ की धनराशि जमा है। संस्था में विभिन्न बैंकों में 140 करोड़ की राशि विनियोजित कर रखी है। आगामी वर्ष में 10 करोड़ रुपये का अतिरिक्त ऋण वितरण का लक्ष्य रखा गया है। संस्था ने वर्ष 2023-2024 में 41 करोड़ का ऋण वितरण किया है।

संस्था द्वारा संचालित हितकारी सहकारी महिला शिक्षा महाविद्यालय गढ़ पैलेस से अपने निजी भवन कैथून रोड धाकड़खेड़ी में चल रहा है। महाविद्यालय में वर्तमान में 645 छात्राएं बी.एस.सी.एवं बी.एड. में अध्ययनरत हैं। सभा में उपभोक्ता भंडार के अध्यक्ष हरिकृष्ण बिरला, सभा नंबर 108 के मंत्री विमल जैन, नागरिक, विभिन्न पार्षद, संस्था की उपाध्यक्ष उषा न्याती, महाप्रबंधक संदीप सक्सेना, शाखा प्रबंधक हेमेन्द्र जैन, प्राचार्य मधु भारद्वाज, राजेन्द्र शारदा, सुरेश काबरा आदि उपस्थित रहे।

## असहायों को करवाया भोजन

**बूंदी** । अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय महासचिव राजस्थान के पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट के जन्म दिवस पर आयोजित परोपकार सप्ताह के तहत रविवार को कुंभा स्टेडियम आश्रय स्थल अन्नपूर्णा रसोई में असहायों को भोजन करवाया गया।

इस अवसर पर राजस्थान बीज निगम के पूर्व निदेशक प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्य चर्मेश शर्मा, शहर कांग्रेस सचिव दिव्यांशु वशिष्ठ,

■ **कांग्रेस नेता सचिन पायलट युवाओ के आदर्श नेता है जो युवाओं के लिए हमेशा तैयार रहते है**

एनएसयूआई छात्र नेता किशन नेखाडी, पूर्व प्रदेश सचिव आकाश चौधरी, सरदार अजित सिंह,पूर्व पार्षद सतीश तंबोली, राजेन्द्र मीणा आदि ने असहायों को भोजन करवाया।

इस अवसर राजस्थान बीज निगम के पूर्व निदेशक चर्मेश शर्मा ने कहा कि सचिन पायलट के जन्मदिवस पर प्राणी मात्र की सेवा व मानव सेवा के कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे है। शहर कांग्रेस सचिव दिव्यांशु वशिष्ठ ने कहा कि सचिन पायलट युवाओ के आदर्श नेता है।

इससे पूर्व रविवार प्रात: बहादुर सिंह सर्किल पर गोपाल योजना के तहत गौवंश को हरा चारा डाला गया।और चारा गाड़ी को गौसेवा के लिये रवाना किया गया।इस अवसर पर प्रभूलाल मीणा,कालूलाल मीणा, राजेन्द्र शर्मा, दिनेश राठौर आदि उपस्थित रहे।

# आदित्य सागर ने विशुद्ध पावन वर्षायोग आध्यात्मिक प्रबंधन पर प्रवचन दिए

**कोटा,** (निसं)। जैन धर्म का सबसे बड़ा पर्व पर्यूषण पर्व के तहत चंद्र प्रभु दिगंबर जैन समाज समिति की ओर से जैन मंदिर ऋद्धि-सिद्धि नगर कुन्हाड़ी में आध्यात्मिक श्रावक साधना संस्कार शिविर में प्रथम दिन श्रुतसंवेगी आदित्य सागर मुनिराज संघ के मुनिराज ने अपने प्रवचन में तत्त्वार्थसूत्र रहस्य मोक्षमार्ग और सच्चाजान अध्याय पर विवेचना की। इस अवसर जैन आगम व ग्रंथों की चर्चा भी गुरूदेव ने की। उन्होंने बताया कि प्राकत भाषा से संस्कृत भाषा में किस प्रकार जैन ग्रंथ लिखे गऐं। उन्होंने तीर्थंकरों द्वारा रचित ग्रंथो से भी श्रावकों को रूबरू करवाया और मोक्ष मार्ग का रास्ता बताया और

■ **आध्यात्मिक श्रावक साधना संस्कार शिविर में तत्त्वार्थसूत्र रहस्य मोक्षमार्ग उद्बोधन**

समझाया। उन्होंने बताया कि तत्त्वार्थसूत्र को आचार्य उमास्वामी द्वारा लिखा गया माना जाता है। यह जैन दर्शन का सबसे प्राचीन और महत्वपूर्ण ग्रंथ है।

इसमें 10 अध्याय और 357 सूत्र हैं जो जैन सिद्धांतों का सार प्रस्तुत करते हैं। जैन आम्नाय में यह सर्व प्रधान सिद्धांत ग्रंथ माना जाता है। उन्होंने सात तत्त्व, मोक्षमार्ग के तीन रत्न, पंच महाव्रत, कर्म सिद्धांत, सामायिक संयम, गुणस्थान, द्रव्य, गुण और पर्याय तथा अनेकांतवाद पर विस्तार से श्रावकों को बताया। यह जैन समाज को मोक्ष प्राप्ति का मार्ग दिखाता है।

इस अवसर पर सकल जैन समाज के संरक्षक राजमल पाटौदी, मौसम त्रिपाल रिद्धि-सिद्धि जैन मंदिर अध्यक्ष राजेन्द्र गोधा, सचिव पंकज खटोड़, कोषाध्यक्ष ताराचंद बडला, चातुर्मास समिति के अध्यक्ष टीकम चंद पाटनी, मंत्री पारस बज, कोषाध्यक्ष निर्मल अजमेरा,पारस कासलीवाल, राजकुमार पाटनी, जेनेन्द्र जज साहब सहित कई लोग उपस्थित रहे।

# ऋषि पंचमी महोत्सव मनाया

**मण्डावर** 08 सितम्बर। चौरसिया समाज पंचायत, मंडावर द्वारा हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी दिनांक 08 सितम्बर 2024 रविवार को ग्राम मण्डावर में स्थित श्री नाना देवी मन्दिर परसिर में ऋषि पंचमी महोत्सव 2024 हर्षो उल्लास के साथ मनाया। इस अवसर पर प्रात:काल श्री लक्ष्मीनाथ जी मन्दिर मण्डावर पर कलश व घोडी की बोलिया लगाई गई उसके पश्चात् भव्य कलश यात्रा प्रारम्भ की गई जो शोभायात्रा के रूप में पूरे ठााम में बडी धूमधाम के साथ निकाली गई, शोभायात्रा में महिलाओं ने अपने सिर पर कलश रखे व सजधज कर चल रही थी वही घोड़े पर घुडसवार शोभायात्रा के आगे चल रहे थे, वहीं ढोल नगाडों की थाप पर महिला पुरूष व नवयुवा नाचते गाते चल रहे थे।

शोभायात्रा का जगह-जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। अन्त में यह शोभायात्रा श्री नानादेवी मन्दिर परिसर पर पहुंचेगी जहां पर श्री नानादेवी माताजी की महाआरती की गई तथा आये हुए अतिथियों का स्वागत किया गया। इस अवसर पर हवन भी किया गया इसके पश्चात् महाप्रसादी का आयोजन होगा। इसमें चौरसिया समाज के पुरूष, महिलाओ नवयुवकों ने बढचढकर भाग लिया तथा झालावाड, मण्डावर, झालरापाटन सहित कई स्थानों से चौरसिया समाज बन्धुओं ने भी इस महोत्सव में बढ़चढ़ कर भाग लिया।

# कोटा में डेंगू ने पैर पसारना शुरू किया, कोचिंग एरिया में केस आए

**कोटा,** (निसं)। कोटा में डेंगू ने धीरे-धीरे पैर पसारना शुरू कर दिया है, कोचिंग एरिया में भी अब केस आने लगे हैं और एसडीपी की आवश्यकता महसूस की जाने लगी है। जल्दी रिकवर के लिए डॉक्टर भी एसडीपी लिख रहे हैं। ऐसे ही एक मामले में टीम जीवन दाता द्वारा एसडीपी उपलब्ध कराई गई है। टीम जीवनदाता के संरक्षक व संयोजक भुवनेश गुप्ता ने बताया कि निजी अस्पताल में भर्ती मरीज जयश्री की कोचिंग स्टूडेंट प्रथमेश की माता है, इनकी

■ **डेंगू मरीज को उपलब्ध कराई एसडीपी, नरेश शर्मा ने निभाया फ़र्ज़**

■ **कोचिंग स्टूडेंट के परिजन आए चपेट में**

प्लेटलेट 14 हजार रह गई थी और निरंतर कम होती जा रही थी। ऐसे में चिकित्सकों ने बी पॉजिटिव एसडीपी के लिए कहा, भुवनेश गुप्ता ने बताया कि गणेश चतुर्थी का दिन होने से लोग उपलब्ध नहीं हो पा रहे थे, निरंतर प्रयास किया जा रहा था, बरसात हो रही थी और रात का समय होने से परेशानी आ रही थी, ऐसे में लायंस क्लब कोटा स्टार के अध्यक्ष नरेश शर्मा ने इच्छा जाहिर की, लेकिन उनकी वेन में हमेशा परेशानी आती थी। लेकिन इस बार वह सभी मापदंडों पर खरे उतरे और उन्होंने पहली बार बी पॉजीटिव एसडीपी डोनेट की है। भुवनेश गुप्ता ने बताया की जयश्री के पति विजय इंगोले ने जब इस तरह से एसडीपी की पूरी प्रक्रिया को देखा तो उन्होंने कहा कि कोटा जैसा सेवा का जज्बा और कोटा जैसा माहौल देश में कहीं नहीं मिल सकता। एक स्टूडेंट के परिजन के लिए लोग लगातार प्रयास करते रहे और रात 11.30 बजे प नरेश शर्मा ने एसडीपी डोनेट कर अनजान शहर में अनजान के लिए अपनत्व का भाव दिखाया यह अविस्मरणीय है।

## श्रद्धा के साथ मनाया ऋषि पंचमी पर्व

**छबड़ा** । कस्बे में ऋषि पंचमी का पर्व रविवार को श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर महिलाओं ने व्रत रखकर कथा सुनी और पारंपरिक पूजा-अर्चना भी की। महिलाओं ने श्रद्धा के साथ व्रत रखकर सप्त ऋषि और अरुंधति माता की पूजा की।

इस दौरान महिलाओं ने देवालयों में कथा का श्रवण किया। इस दिन महिलाएं बिना हल के जोते हुए अन्न, भैंस का दही और करमी का साग खाकर व्रत तोडती हैं। पौराणिक मान्यता के अनुसार ऋषि पंचमी पर्व की मान्यता है कि इस व्रत को रखने से महिलाओं की ओर से जाने-अनजाने में हुए दोष का निवारण हो जाता है। इस पर्व के मद्देनजर शहर के अलग अलग मंदिरों पर पंडितों ने पूजन अर्चन कराने के बाद महिलाओं को कथा सुनाई। ताराज्योति यादव ने बताया कि इस दिन महिलाएं व्रत कर पवित्र नदियों में आंधी झाड़ा की पत्तियों से स्नान के बाद विधि विधान से सप्त ऋषि का पूजन करती है। मंदिर में कथा श्रवण करने के बाद ही महिलाओं द्वारा मोरधान का ही उपयोग भोजन के रूप में किया जाता है। इस दिन 7 ऋषियों की पूजा का विधान है। सप्त ऋषियों के नाम कश्यप, अत्रि, भारद्वाज, विश्वामित्र, गौतम, जमदग्नि और वशिष्ठ है।

# जिला अध्यक्ष व ब्लॉक अध्यक्षों के चुनाव के लिए अधिकारी नियुक्त

**बूंदी।** अखिल राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ जिला बूंदी की रविवार को विशेष बैठक आयोजित की गई। जिसमें जिले के विभिन्न संबद्ध संगठनों के जिला अध्यक्ष, जिला मंत्रियों ने भाग लिया।

महासंघ जिलाध्यक्ष सत्यवान शर्मा ने बताया कि बूंदी जिले में महासंघ के जिलाध्यक्ष के चुनाव तथा विभिन्न ब्लाकों में ब्लॉक अध्यक्ष के चुनाव की प्रक्रिया प्रदेश नेतृत्व के द्वारा जारी किए गए निर्देशों के अनुसार संपन्न करवाई जाएगी जिसमें प्रत्येक संबद्ध संगठन से तीन सदस्यों का नाम तथा संबद्धता शुल्क संकलित कर अस्थाई मतदाता सूची तैयार कर प्रदेश अध्यक्ष - महावीर शर्मा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष तेज सिंह राठौड़, महामंत्री महावीर सियाग को जयपुर प्रदेश कार्यालय में भेजी जाएगी और चुनाव पर्यवेक्षक महेंद्र कुमार तिवारी के मौजूदगी मेंचुनाव संपन्न करवाए जाएंगे।

महासंघ के पूर्व जिलाध्यक्ष पुरुषोत्तम पारीक को जिला बूंदी के महासंघ के जिलाध्यक्ष एवं ब्लॉक अध्यक्षों के चुनाव सम्पन्न कराने हेतु सर्व सम्मति से जिला चुनाव अधिकारी नियुक्त किया गया है। बैठक में यह तय किया गया कि सभी संबद्ध संगठनों के जिला अध्यक्ष 24 सितंबर तक अपने तीन सदस्यों के नाम तथा संबद्धता शुल्क जिले के जिलाध्यक्ष/कोषाध्यक्ष के पास जमा कर दें तथा रसीद प्राप्त कर ले ताकि 24 सितंबर के बाद में कभी भी जिले में प्रदेश नेतृत्व के दिशा निर्देशानुसार चुनाव संपन्न कराए जा सके।

## सड़कों पर पानी भरा

**बूंदी** । लगातार हो रही भारी बारिश के चलते शहर की कही कालोनियां जलमग्न हो गई है।सभापति सरोज अग्रवाल व आयुक्त के निर्देश पर नगर परिषद टीम ने मौके पर पहुंचकर जेसीबी की सहायता से रुके हुए पानी की निकासी करवाई।

प्राप्त जानकारी के अनुसार सफाई निरीक्षक राजकुमार सांगला जेसीबी व टीम के साथ शहर के सेक्टर नं 2 में पहुंचे जहां में पानी भराव क्षेत्र में की मदद से पानी की निकासी का कार्य किया।

# पर्युषण महापर्व का समापन

**छबडा।** स्थानीय श्वेतांबर समाज के आठ दिवसीय पर्युषण महापर्व का धार्मिक कार्यक्रमों के साथ समापन हो गया। इस अवसर पर शान्तिधारा सहित विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

अध्यक्ष चेनसिंह सिंघवी के अनुसार आठ दिवसीय पर्युषण पर्व का शनिवार को समापन हो गया। अंतिम दिन समाज के लोगों ने व्रत उपवास रखे। पर्व के आठवें दिन मंदिर में स्नात्र पूजा की गई। शांतिधारा का लाभ चांदमल, हेमेंद्र कुमार, मनोज गोलच्छा द्वारा लिया गया। हिम्मतसिंह सिंघवी द्वारा कल्प सूत्र का वाचन किया गया। महिलाओं द्वारा सामूहिक क्रियाएं की गई। इस अवसर पर आठ दिनों तक कल्पसूत्र का वाचन करने वाले समाज के सदस्य हिम्मतसिंह सिंघवी का श्रीफल देकर माला पहनाकर एवं शॉल उड़ाकर समाज द्वारा सम्मान किया गया। साथ ही मंदिर के पुजारी महेश कुमार, मदन को श्रीफल व वस्त्र भेंट किया। तपस्या करने वाले छोटे बच्चे व महिलाओं को भी पारितोषिक दिया गया। महाआरती मनोज कुमार, दीपक मेहता द्वारा की गई व मंदिर के प्रतीक्षना लगाई गई। जिसमें समाजबंधुओ ने बढचढ कर भाग लिया।

# भरतपुर होकर दरभंगा-दौराई के मध्य स्पेशल ट्रेन का संचालन

**कोटा,** (निसं)। रेलवे द्वारा अतिरिक्त यात्री यातायात को देखते हुए यात्रियों की सुविधा हेतु दरभंगा-दौराई (अजमेर)-दरभंगा साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन का संचालन किया जा रहा है। गाड़ी संख्या 05537, दरभंगा-दौराई साप्ताहिक स्पेशल दिनांक 09.11.24 से 28.12.24 तक (08 ट्रिप) दरभंगा से प्रत्येक शनिवार को 13.15 बजे रवाना होकर अगले दिन रविवार को 22.30 बजे दौराई पहुँचेगी। इसी प्रकार वापसी में गाड़ी संख्या 05538, दौराई-दरभंगा साप्ताहिक स्पेशल दिनांक 10.11.24 से 29.12.24 तक (08 ट्रिप) दौराई से प्रत्येक रविवार को 23.45 बजे रवाना होकर मंगलवार को 06.50 बजे दरभंगा पहुँचेगी। इस गाड़ी में 10 स्लीपर, 06 सामान्य श्रेणी एवं 02 एसएलआर सहित कुल 18 कोच होगे।

गाड़ी का हॉल्ट-यह स्पेशल

■ **इस सम्बंध में सर्व संबंधित स्टेशनों व कर्मचारियों को निर्देशित किया है**

गाड़ी दरभंगा-दौराई के बीच सीतामढ़ी, बैरगनियां, रक्सौल, नरकटियागंज, कप्तानगंज, गोरखपुर, खलीलाबाद, बस्ती, गोंडा, सीतापुर, शाहजहाँपुर, बदायूँ, कासगंज, हाथरस सिटी, मथुरा, भरतपुर, बांदीकुई, जयपुर, किशनगढ़ एवं अजमेर स्टेशनों पर ठहराव करेगी। इस संबंध में वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक रोहित मालवीय ने बताया कि यात्रियों की सुविधाओं हेतु सीजन में स्पेशल ट्रेनों को चलाया जाता है। इस संबंध में सर्व-संबधित स्टेशनों और कर्मचारियों को निर्देशित किया गया है। यात्रियों से अनुरोध है कि ट्रेन की उचित स्थिति की जानकारी स्टेशन, एनटीईएस, रेल मदद 139 एवं ऑनलाइन प्राप्त कर यात्रा करें।

## गजराज सिंह जिलाध्यक्ष बने

**कोटा,** (निसं)। शिक्षक संघ एलिमेंट्री सैकंडरी टीचर एसोसिएशन (रेसटा) द्वारा शिक्षक दिवस एवं संघ के 6वें स्थापना दिवस के अवसर पर वृक्षारोपण एवं शिक्षकों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। यह जानकारी रेस्टा के मंडल अध्यक्ष पप्पू लाल चनडालिया ने दी।

# नम आँखों से नेत्रदानी परिवार ने स्वीकार किया सम्मान

**कोटा,** (निसं)। आई बैंक सोसायटी ऑफ राजस्थान कोटा चैप्टर द्वारा नेत्रदाता परिवार सम्मान समारोह रोटरी बिनानी सभागार शॉपिंग सेंटर में आयोजित किया गया। अध्यक्ष के.के. कंजोलिया ने बताया कि इस अवसर पर 70 नेत्रदाता परिजनों को माला, शॉल, दुपट्टा व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया एवं सोसायटी सहयोगकर्ता, भामाशाह व नेत्रदान पखवाड़े सफल बनाने वालें को सम्मानित किया। सचिव सुरेश सेडवाल ने बताया कि नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. सुरेश पांडेय ने डिजिटल प्रेजेंटेशन के माध्यम से नेत्र की आवश्यकता एवं कॉर्निया प्रत्यारोपण की प्रक्रिया को दर्शाया। गोपाल सोनी एवं डॉ.अमित सिंह राठौड़ ने मंच संचालन किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मेडिकल कॉलेज की प्रिंसिपल संगीता सक्सेना, अध्यक्षता कर रहे मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जगदीश सोनी, रोटरी क्लब के मुकेश व्यास एवं सचिव धनश्याम मूंदड़ा, ईबीएसआर सोसायटी ऑफ राजस्थान कोटा चैप्टर के अध्यक्ष के.के.कंजोलिया एवं राजेन्द्र अग्रवाल, जी.डी.पटेल ने नेत्रदानी परिवारों को सम्मानित किया और परिजनों ने नम आँखों से सम्मान ग्रहण किया।

■ **आई बैंक सोसायटी ऑफ राजस्थान कोटा चैप्टर द्वारा नेत्रदाता परिवार, नेत्र चिकित्सक एवं सहयोगकर्ता हुए सम्मानित**

कोटा चैप्टर का यूटिलिटी रेट 55 प्रतिशत-स्वागत भाषण में डॉ. के.के.कंजोलिया ने कहा कि कोटा चैप्टर 9 अक्टूबर 2011 से कोटा संभाग में कार्यरत है। प्रथम वर्ष 6 कॉर्निया ही प्राप्त हो सकें, अगस्त 2024 तक संस्थान ने कुल 1864 कॉर्निया प्राप्त किए जा चुके हैं। जिनमें से 1035 कॉर्निया प्रत्यारोपित किए जा सके हैं। इसका यूटिलिटी रेट 55.5 प्रतिशत है। संपूर्ण राजस्थान में वर्ष 2002 से अगस्त 2024 तक 23,268 नेत्रदान हुए और उनमें से 15,028 कॉर्निया प्रत्यारोपित किए जा सके हैं। यूटिलाइज रेट 64 प्रतिशत है।

दूसरों के जीवन में रंग भरता है नेत्रदान-मेडिकल कॉलेज की प्रिंसिपल संगीता सक्सेना ने कहा कि संस्था के इस कार्य से शहर में नेत्रदान के प्रति रुझान बढ़ेगा।

असली सम्मान के हकदार नेत्रदानी परिवार हैं जिनकी प्रेरणा से अन्य लोग नेत्रदान के लिए आगे आएँगे। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जगदीश सोनी ने कहा कि नेत्रदान के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि नेत्रदान उच्चतम दान है। यह उच्च विचारशीलता और दान का प्रतीक है। इस दान से आप किसी व्यक्ति के अंधेरे जीवन में रंग भर देते हो। यह रहे उपस्थित-सोसायटी से राजेंद्र अग्रवाल, जी.डी.पटेल, गजेंद्र कुमार गौड़, राजेंद्र गौड़, डॉ.एम.एल. अग्रवाल, आर.सी.सहानी, डॉ.वेद प्रकाश गुप्ता, डॉ. नीरजा श्रीवास्तव, ईश्वर लाल सैनी, अनिता चौहान, के.एल. गुप्ता ने अतिथियों को सम्मानित किया।

प्रति 5 सेकंड एक व्यक्ति खोता है नेत्र-नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. सुरेश पांडेय ने अपने डिजिटल प्रेजेंटेशन के माध्यम से बताया कि कॉर्निया प्रत्यारोपण के बारे में बताया। उन्होंने बताया कि विश्व में प्रत्येक पाँच सेकंड में एक वयस्क व्यक्ति एवं प्रति मिनट एक बच्चा अंधता के अभिशाप से ग्रस्त होता है। विश्वभर में चार करोड़ तीस लाख व्यक्ति अंधता के अभिश्राप से ग्रसित हैं। आँख की कुल शक्ति 60 डायोप्टर होती है जिसमें से कॉर्निया की शक्ति 44 डायोप्टर उपयोग में होती है। इस प्रकार आँख की पारदर्शी पुतली (कॉर्निया) आँख का सबसे महत्वपूर्ण हिस्सा है। भारत में लगभग एक करोड़ 80 लाख व्यक्ति अंधेपन से ग्रस्त हैं। भारत में कुल अंधता का लगभग 1 प्रतिशत कॉर्निया ब्लाइंडनेस के कारण है। देश के एक लाख बीस हजार लोगों के दोनों आंखों का कॉर्निया अंधता की स्थिति तक खराब है और लगभग दस लाख लोगों के दोनों आँखों का कॉर्निया प्रभावित है, जिसके कारण उन्हें कम दिखता है। लगभग 68 लाख लोगों का एक कॉर्निया प्रभावित है। हर वर्ष लगभग 25-30 हजार रोगी कॉर्निया खराब होने के कारण अंधता से ग्रसित हो रहे हैं। इन सब में से लगभग 50 प्रतिशत रोगी कॉर्नियल प्रत्यारोपण (पारदर्शी पुतली के प्रत्यारोपण) द्वारा रोशनी वापस प्राप्त कर सकते हैं। हर वर्ष कम से कम दो लाख पचास हजार कॉर्निया की आवश्यकता है।

## नवसाक्षर बने आत्मनिर्भर, निरक्षर हो साक्षर

**कोटा,** (निसं)। कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा संचालित जन शिक्षण संस्थान, कोटा द्वारा 8 सितम्बर 2024 को विज्ञान नगर स्थित कार्यालय परिसर में अन्तर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस पर साक्षरता सप्ताह का समापन किया गया, जिसमें संस्थान द्वारा संचालित प्रशिक्षण केन्द्रों के लगभग 65 प्रशिक्षणार्थियों ने भाग लिया। जिला प्रौढ़ शिक्षण समिति एवं जन शिक्षण संस्थान के अध्यक्ष आर.पी.गुप्ता ने बताया कि पूर्व वर्षो में साक्षरता कार्यक्रम के दौरान कोटा जिले के लगभग 850 गाँवों में जाकर साक्षरता के केन्द्र प्रारम्भ किऐ थे, और इनकी समय-समय पर जिला साक्षरता समिति के सचिव के पद पर रहते हुऐ मॉनिटरिंग भी की गई थी उसी के परिणाम स्वरूप कोटा जिला 2011 में राज्य में साक्षरता दर में उच्च स्थान प्राप्त कर पाया, 2021 के आंकड़ों में भी साक्षरता दर निरन्तर बढ़ती रहे इसके लिए आरपी गुप्ता द्वारा उपस्थित प्रत्येक प्रशिक्षणार्थी को अपने आस-पास-एक निरक्षर को साक्षर करने का संकल्प दिलवाया गया एवं नवसाक्षर को आत्मनिर्भर करने का प्रधानमंत्री के सपने को पूरा करने में संस्थान के कोटा जिले के सभी संचालित कौशल केन्द्रों के प्रशिक्षाणर्थियों को निरक्षर को साक्षर करने में सहयोग प्रदान करने के लिए प्रेरित करते रहते है। संस्थान के निदेशक मुकेश राठौर द्वारा साक्षरता सप्ताह के दौरान रामगंजमण्डी, सुकेत, लाडपुरा के केन्द्रों को मिलता है। कार्यक्रम में संस्थान के कार्यक्रम अधिकारी संदीप सिंह यादव, सहायक कार्यक्रम अधिकारी रविन्द्र लोहोमी, घासीलाल रेनवाल, हेमराज प्रतिहार एवं केन्द्रों की अनुदेशिकाऐं अनिता राज, एवं शबाना बानो उपस्थित रहे।


### आम सूचना

मेरे पक्षकार मुत्थूट हाउसिंग फाईनेन्स लिमिटेड की ओर से सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती प्रेम बाई पत्नी श्री ओमप्रकाश नागर द्वारा मकान नम्बर 58 का भाग, श्याम नगर, शिवपुरा, रावतभाटा रोड़ कोटा (राज.) पैमाईशी 475.62 वर्गफुट पर मेरे पक्षकार के यहां से ऋण लिया जा रहा है। उक्त सम्पत्ति का मूल पट्टा दिनांक 09.12.2003 जो धनराज मीणा के पक्ष में था, गुम हो गया है। उक्त सम्पत्ति बाबत किसी भी व्यक्ति बैंक या संस्था या अन्य किसी को भी किसी भी प्रकार की आपत्ति या आक्षेप हो तो निम्न अधोहस्ताक्षरकर्ता को अंदर मियाद 07 दिवस में मय दस्तावेजी साक्ष्य सहित सम्पर्क करें। अन्यथा बाद गुजरने मियाद किसी भी प्रकार की आपत्ति विधि अनुसार शून्य मानी जावेगी।

भवदीय
राजेन्द्र सिंह, एडवोकेट
386, माला रोड, कोटा जं.

### विधिक सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे अभिभाध्य उम्मीद हाउसिंग फाईनेन्स शाखा कोटा द्वारा श्री दिलखुश नायक आ. श्री बद्रीलाल नायक के स्वामित्व एवं आधिपत्य की संपत्ति वाके मकान नं. 501 मण्डी पाडा काका किराना स्टोर के पास बोरखेडा कोटा जिला कोटा में स्थित है। इसमें यु.आई.टी. द्वारा उक्त प्लाट का आवंटन पत्र संख्या 4339 एवं अदेय प्रमाण पत्र श्री नारायण लाल जाट आ. राम कुंवर जाट को दिनांक 09.01.2023 को किया गया था

यह मूल उक्त दस्तावेज दिनांक 02.05.2024 कही गुम हो जाने के कारण ऋणी के पास उपलब्ध नही है जिसकी गुमशुदा की रिपोर्ट पुलिस थाने मे करवा दी है यही उक्त सम्पति को रहन करके उम्मीद हाउसिंग फाईनेन्स शाखा कोटा द्वारा ऋण दिया जा रहा है।

यह कि उक्त सम्पति को रहन कर ऋण देने के सम्बन्ध में यदि किसी व्यक्ति को या बैंक को या किसी संस्था कोई आपत्ति हो तो वह 7 दिवस के भीतर सुचित कर अपनी आपत्ति प्रस्तुत करे अन्यथा बाद में कोई आपत्ति मान्य नही होगी।

भवदीय
सैयद फेसल हुसैन एडवोकेट बून्दी
मो.नं.7737809609


# लद्दाख मैराथन में दौड़ा कोटा के पति पत्नी शामिल हुए

**कोटा,** (निसं)। विश्व की सबसे ऊँची पहाड़ी चोटी में से एक लद्दाख, जहाँ पर ऑक्सीजन केवल पचास प्रतिशत ही मिल पाती हैं, वहाँ समुद्र तल से 11115 फिट पर दौड़ लगाना बड़ा ही कठिन कार्य हैं। विषम परिस्थिति और बर्फीली हवाओं के बीच कोटा के मयंक मणि और उनकी पत्नी नम्रता जो कि पेशे से इंजीनियर हैं और अभी मुंबई में अलग-अलग कंपनियों में प्रबंधक के पद पर कार्यरत हैं, दोनों ने ही इस लद्दाख मैराथन में भाग लेकर सफलता पूर्वक इसे पूर्ण किया।

यह दौड़ विश्व की सबसे ऊँची दौड़ में से एक है जो कि लगभग 11000 से 17000फिट तक की ऊँचाई तक की होती हैं। ऊँची नीची पहाड़ियाँ जहाँ पर साँस लेना भी कठिन होता है वहाँ इस दौड़ में भाग लेने के लिये सभी धावकों को एक सप्ताह पूर्व ही पहुँचना होता है ताकि लद्दाख के वातावरण में अपने आप को ढाल सकें। मुंबई जैसे व्यस्त वातावरण से निकल कर लेह लद्दाख के कम ऑक्सीजन और ठंडे मौसम में दौड़ना वास्तव में एक कठिन चुनौती है जिसे इस पति पत्नी ने पूरा किया।

इससे कुछ दिनों पूर्व मयंक ने सतारा की पहाड़ियों में भी 21 किलोमीटर की हाफ मैराथन साथ साथ की थी। मयंक मणि ए .सी.एस.एम. द्वारा प्रमाणित मैराथन कोच भी है और अपने सोशल मीडिया वेंचर "ओए रनर"के माध्यम से लोगों को फिटनेस के माध्यम से अपने लक्ष्य को प्राप्त करने में मदद भी कर रहे हैं। ये पूर्व में 42 किलोमीटर की मुंबई टाटा मैराथन में भी हिस्सा ले चुका हैं। इनका अगला लक्ष्य 20 अक्टूबर को दिल्ली, फिर टाटा स्टील कोलकाता और मुंबई टाटा मैराथन है।

## नि:शुल्क कैम्प का आयोजन

कोटा, (निसं)। विश्व फिजियोथैरेपी दिवस पर आईबीबी कॉलेज आफ फिजियोथैरेपी कोटा द्वारा कोटा-शहर के प्रमुख स्थल किशोर सागरतालाब-केएसटी पर नि:शुल्क फिजियोथैरेपी कैम्प का आयोजन किया गया। चैयरमैन कुलदीप माथुर ने बताया कि विश्व फिजियोथेरापी दिवस के अवसर पर आयोजित नि:शुल्क फिजियोथैरेपी कैम्प में लगभग 100 लोगों को फिजियोथेरेपी-परामर्श की सुविधा प्रदान की गई। इस दौरान उपस्थित लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से एक नुक्कड़ नाटक का मंचन भी किया गया जिसे उपस्थित जन समूह होने ने खूब सराहा। इस विशेष अवसर पर एलबीएस-ग्रुप ऑफ एजुकेशनल इंस्टीट्यूशंस के सीनियर वाईस प्रेसिडेंट देव शर्मा ने बताया कि वर्तमान समय में अनियमित दिनचर्या के चलते कई लोगों को गर्दन दर्द सहित शरीर में अन्य तरह की समस्या हो जाती है ।

